जन आकांक्षाओं पर शत-प्रतिशत खरा उतरेगा लोक कल्याणकारी बजट : जोगाराम पटेल

लोक कल्याणकारी बजट जयपुर की तस्वीर में विकास के रंग भरेगा : मंजू शर्मा

जयपुर। जयपुर जिले के प्रभारी मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि राजस्थान सरकार ने बजट में हर वर्ग हर तबके के लिए सौगातें दी हैं। बात चाहे मुख्यमंत्री निशुल्क बिजली योजना के लाभान्वितों के घरों पर निशुल्क सोलर प्लांट्स लगाकर प्रतिमाह 150 यूनिट्स निशुल्क बिजली हो या फिर सवा लाख युवाओं के रोजगार के सपने को साकार करने का संकल्प महिला, युवा, किसान तथा गरीब को समर्पित बजट में सभी वर्गों को संबल दिया गया है, जिससे विकसित राजस्थान के सपने को मूर्त रूप मिल सकेगा। प्रदेश को विकास पथ पर अग्रसर करने वाला बजट 'आपणो अग्रणी राजस्थान' की संकल्पना को साकार करने में मील का पत्थर साबित होगा।

जिला प्रभारी मंत्री जोगाराम पटेल व सांसद मंजू शर्मा मीडिया से रूबरू हुए।

पटेल ने यह बात शनिवार को जिला कलक्ट्रेट सभागार में सांसद मंजू शर्मा के साथ प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय शहरी विकास योजना के तहत लगभग 12 हजार 50 करोड़ रुपये के कार्य शहरी क्षेत्र में विकास की नई इबारत लिखेंगे वहीं, 35 लाख से अधिक किसानों को 25 हजार करोड़ का ब्याज मुक्त फसली ऋण किसानों के लिए बड़ी राहत वाल फैसला साबित होगा।

वहीं, सांसद मंजू शर्मा ने कहा कि जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने की इच्छाशक्ति हमने संकल्प पत्र में अभिव्यक्त की थी, उन वादों को पूरा करने के मजबूत इरादों की झलक इस बजट में देखने को मिली है। राजस्थान सरकार का लोक कल्याणकारी बजट जयपुर की तस्वीर में विकास के रंग भरेगा। एक ओर मेट्रो और एलिवेटेड रोड से जयपुर का संरचनात्मक ढांचा मजबूत होगा तो वहीं, नवीनत बजट के प्रावधान जयपुर की विश्व प्रसिद्ध विरासत के संरक्षण में मील का पत्थर साबित होंगे।

मंजू शर्मा ने कहा कि फागी के मोहनपुरा एवं बस्सी के बांसखोह में नवीन औद्योगिक क्षेत्र से ना केवल जिले में निवेश की संभावनाएं बढ़ाएंगे बल्कि युवाओं के लिए रोजगार के नए द्वार खोलने का भी काम करेंगे। सांगानेर में नवीन महाविद्यालय एवं कोटखावदा में नवीन कन्या महाविद्यालय से युवाओं को उच्च शिक्षा के लिए बेहतर विकल्प प्रदान करेंगे।

व्यापारियों की मातृभाषा राजस्थानी भाषा को संवैधानिक दर्जा दिलाने की मांग

राजस्थानी भाषा के 1000 से अधिक शब्दों को प्रवासी राजस्थानियों को भेजा जाएगा

जयपुर। मारवाड़ी इंटरनेशनल फेडरेशन के संस्थापक महासचिव सीए विजय गर्ग ने बताया की, जयपुर लाल कोठी स्थित संस्था के प्रधान कार्यालय में मायड़ भाषा के प्रचार प्रसार के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का आयोजन अंर्तराष्ट्रीय विश्व मातृभाषा दिवस के अवसर पर किया गया। विश्व मातृभाषा दिवस पर राजस्थानी भाषा को संवैधानिक एवं प्रदेश राजभाषा की मान्यता के लिए इस कार्यशाला का आयोजन किया गया। पूरे विश्व में अंर्तराष्ट्रीय मातृ भाषा दिवस का आयोजन अपनी स्थानीय भाषाओं की समृद्धि को उल्लेखित करते हुए प्रति वर्ष आयोजित किया जाता है ताकि भाषाओं का उल्लेखनीय इतिहास याद करते हुए वर्तमान पीढ़ी को हस्तांतरित किया जा सके और स्थानीय भाषा, बोली,शब्दों को जीवित रखा जा सकें। इसी क्रम में प्रति वर्ष "मायड़ भाषा दिवस" 21 फ़रवरी को राजस्थानी भाषा की विस्तृत और समृद्ध परंपरा को समर्पित करते हुए आयोजित किया जाता है। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में राजस्थानी साहित्यकार अभिलाषा पारीक ने युवा पीढ़ी से राजस्थानी भाषा को प्रयोग करने का आग्रह किया। राजस्थानी भाषा के समृद्ध इतिहास और विश्व के सबसे बड़े राजस्थानी भाषा के शब्द कोश संबंधी अन्य जानकारी साझा करते हुए राजस्थानी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में मान्यता प्रदान करने और राज्य सरकार से राजस्थानी भाषा को राजभाषा का दर्जा देने का सबल आ ान किया गया।

- **राजस्थानी भाषा को मान्यता दिलाने के लिए कार्यशाला एवं ज्ञापन दिया**

इस अवसर पर बताया गया की आजादी के 77 साल जाने पर भी राजस्थानी भाषा को मानता नहीं मिली है एवं प्रवासी राजस्थानी पूरे देश में ही नहीं बल्कि 182 देशो में अपने व्यापार एवं कार्य से अपनी पहचान बनाए हुए हैं। अगर राजस्थान में, राजस्थानी भाषा को संवैधानिक दर्जा मिलता है तो इससे देश-विदेश में रहने वाले प्रवासी राजस्थानी और अधिक अधिकार के साथ अपनी मातृभाषा का प्रयोग कर सकते हैं।

इस अवसर पर गर्ग ने बताया कि, राजस्थानी भाषा के विभिन्न महत्वपूर्ण संदेशों को कार्यशाला में बताते हुए कहा की 1000 से अधिक मातृभाषा के शब्द जो की रोज किसी ने किसी अवसर, दैनिक क्रियाकलापों में देश - विदेश के विभिन्न प्रांतो में काम में लिए जाते हैं उनको मारवाड़ी इंटरनेशनल फेडरेशन के द्वारा प्रकाशित कर प्रवासी राजस्थानियों के बीच पहुंचाया जाएगा । इसके साथ उन्होंने यह भी कहा कि राजस्थानी भाषा देश में बोले जाने वाली विभिन्न प्रादेशिक भाषाओं में अपना महत्वपूर्ण स्थान रखती है एवं यह भाषा बहुत ही आसानी के साथ और मीठे शब्दों में दूसरों को सम्मान देते हुए काम में ली जाती है, अत: राजस्थानी भाषा को प्रदेश की राज्य भाषा का दर्जा दिलाने एवं राष्ट्रीय स्तर पर संवैधानिक मान्यता दिलाने के लिए मारवाड़ी इंटरनेशनल फेडरेशन के द्वारा देश प्रदेश के विभिन्न प्रतिनिधियों को ज्ञापन भी भेजा जाएगा।

इस अवसर पर संस्थापक महासचिव ने बताया कि, मायड़ भाषा व्यापारियों की भाषा है एवं राजस्थानी भाषा की पुरानी लिपि महाजनी या मुड़िया लिपि है जो मारवाड़ी व्यापारियों की द्वारा काम मे ली जाती थी। वर्तमान में राजस्थानी देवनागरी लिपि में लिखी जा रही है।

कार्यक्रम में अंजलि गाड़ियां, कमल छाबड़ा, संदीप अग्रवाल, रजनीश चौधरी, अमित गुप्ता, निधि अग्रवाल, अतुल मानसिंहका एवं विनीत जैन ने भी अपने विचार रखें। कार्यक्रम के अंत में संस्था के अभी उपस्थित सदस्यों एवम आमंत्रित अथितियों ने राजस्थानी भाषा को राजभाषा का दर्जा दिलाने के प्रयास करने हेतु प्रतिज्ञा ली।

चलो, वृषभान दुलारी खेलत फाग मुरारी.....



जयपुर। श्री प्रेमभाया मंडल समिति द्वारा आयोजित विभिन्न देवालयों के फागोत्सव के क्रम में आज युगल कुटीर, श्री प्रेमभाया सरकार के फागोत्सव मनाया गया जिसमें श्री प्रेमभाया सरकार के नयनाभिराम श्रृंगार किया गया व गुलाल अर्पित की गई।

फागोत्सव सांय 7.30 बजे प्रारंभ हुआ जिसमें बनवारी सैनी ने चलो वृषभान दुलारी खेलत फाग मुरारी के साथ फागोत्सव प्रारंभ किया हरि मोहन गोयल ने होरी खेले रे रंगीलो श्याम , आज होरी रे ..... केशव शर्मा ने बांसुरिया बजी रंग राधा सजी, रंग मोहन को रसिया बनाया....के साथ अन्य भक्तों ने भक्त कवि युगलजी महाराज की रचित फाग लीलाओं रचनाओं से भक्ति रस बरसाया। इस अवसर पर भक्तों ने भव्य फूलों की होली खेली। फागोत्सव संयोजक सत्यनारायण अग्रवाल ने बताया कि फागोत्सव के क्रम में 23 फरवरी को नृसिंह जी का मन्दिर नींदड़ राव जी का रास्ता चांदपोल बाजार में फागोत्सव सांय 4 बजे से 8 तक मनाया जाएगा।

- **भक्तों ने खेलीं फूलों की होली**

भारतीय किसान संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष के साई रेड्डी बने

जयपुर। भारतीय किसान संघ की अखिल भारतीय अधिवेशन गुजरात के पालनपुर में शनिवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष के साई रेड्डी, महामंत्री मोहिनी मोहन मिश्र को बनाया गया । जयपुर प्रांत सह प्रचार प्रमुख डॉ.लोकेश कुमार चन्देल ने बताया है कि तीन दिवसीय गुजरात के पालनपुर में आयोजित भारतीय किसान संघ के अखिल भारतीय अधिवेशन में जयपुर प्रांत के 100 से अधिक कार्यकर्ता भाग लिए । प्रांत महामंत्री डॉ.सांवरमल सोलेट ने बताया कि अखिल भारतीय अधिवेशन के दूसरे दिन निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष बद्रीनारायण चौधरी ने अपने पद से इस्तीफा दिया। इसके बाद निर्वाचन अधिकारी अखिल भारतीय संगठन मंत्री दिनेश कुलकर्णी ने निर्वाचन प्रक्रिया को सम्पन्न कराया। जिसमें तेलंगाना से के साईं रेड्डी को अखिल भारतीय अध्यक्ष पद व उड़ीसा के मोहिनी मोहन मिश्र को अखिल भारतीय महामंत्री पद पर निर्वाचित घोषित किया। साईं रेड्डी तेलंगाना के रहने वाले है। रेड्डी शुरू से भारतीय किसान संघ के संस्थापक श्रदेय दतोपंत जी ठेंगडी के साथ संगठन स्थापना के लिए देशव्यापी चर्चा के दौरान हुई बैठकों में शामिल होते थे । रेड्डी ने गन्ना किसानों के लिए सड़क से लेकर न्यायपालिका तक संघर्ष का नेतृत्व किया। प्रांत अध्यक्ष कालूराम बाँगड़ा ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष और महासचिव के चुनाव से पूर्व एक प्रस्ताव पारित किया गया ।

बस स्टैंड पर जेबतराशी करने वाला बदमाश हथियार सहित गिरफ्तार

जयपुर। सिंधी कैंप थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए रेलवे स्टेशन और बस स्टैंडों पर हथियार दिखाकर जेबतराशी करने वाले एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपित वर्तमान में पुलिस थाना जालुपूरा का स्थाई वारंटी है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि सिंधी कैंप थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए रेलवे स्टेशन और बस स्टैंडों पर हथियार दिखाकर जेबतराशी करने वाले इस्लाम उर्फ सलीम निवासी दौसा हाल जयसिंहपुरा खोर जयपुर को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से एक कटार भी जब्त की है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है

धोखाधड़ी करने वाला फरार आरोप गिरफ्तार

जयपुर। बिंदायका थाना पुलिस ने दो साल पहले फरार चल रहे एक बदमाश को श्रीगंगानगर से गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपित अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर जमीन का सौदा कर 42 लाख रुपए ऐंठकर फरार हो गए। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और फरार चल रहे अन्य साथियों की तलाश की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (पश्चिम) अमित कुमार ने बताया कि बिंदायका थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जमीन का सौदा कर 42 लाख रुपए ऐंठकर फरार हुए आरोपी दिनेश कुमार (30) निवासी सूरतगढ़ जिला श्रीगंगानगर को गिरफ्तार किया है। आरोपित ने खिलाफ मई-2023 में सिरसी रोड निवासी डॉ. राजन अग्रवाल ने मामला दर्ज करवाया था कि साल-2014 में भूपेन्द्र अरोड़ा व उसके साथियों से सूरतगढ़ श्रीगंगानगर में एक जमीन का सौदा किया था।

जमीन के एवज में 40 लाख रुपए और 2 लाख रुपए दलाली के देना तय हुआ था। शातिर जालसाजों ने धोखा देकर कैश के साथ ही दिनेश अरोड़ा के अकाउंट में पैसे ट्रांसफर करवा लिए। रुपए ऐंठकर शातिर फरार हो गए। पुलिस टीम ने प्रकरण में जांच के बाद जालसाजी में शामिल दिनेश कुमार को श्रीगंगानगर में दबिश देकर पकड़ा। वहीं अन्य साथियों के सम्भावित ठिकानों पर दबिश मारी जा रही है।

अर्श हुसैन ने जीता गोल्ड मेडल

जयपुर। एमपीएस इंटरनेशनल स्कूल की कक्षा 6 के छात्र अर्श हुसैन ने एस ओ एल इंटरनेशनल ओलिंपियाड में गोल्ड मेडल हासिल कर जयपुर और अपने परिवार का नाम रोशन किया है। इस बहुप्रतिष्ठित ओलंपियाड में अर्श ने देश में 336 एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 674वीं रैंक प्राप्त की। बता दे कि प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले इस इंग्लिश ओलिंपियाड में लगभग में 32 लाख बच्चे भाग लेते हैं।

जिनेन्द्र शोभायात्रा व महामस्तकाभिषेक आज

जयपुर। बापूनगर स्थित ज्ञानतीर्थ पंडित टोडरमल स्मारक भवन प्रांगण में 21फरवरी से चल रहे 13वें वार्षिकोत्सव व महामस्तकाभिषेक समारोह का समापन रविवार को सुबह 9.30 बजे बैंडबाजों के साथ निकलने वाली जिनेन्द्र शोभायात्रा से होगा। इसके बाद श्रीजी का महामस्तकाभिषेक किया जाएगा। इससे पूर्व महोत्सव के दूसरे दिन शनिवार को विधान, सूत्र पाहुड़ पर प्रवचन, संगोष्ठी व दीक्षांत समारोह सहित अनेक धार्मिक आयोजन हुए।

पंडित टोडरमल स्मारक ट्रस्ट के अध्यक्ष सुशील कुमार गोदिका व महामंत्री परमात्म प्रकाश भारिल्ल ने बताया कि महोत्सव के दूसरे दिन शनिवार को सुबह विधान के बाद डॉ. शांतिकुमार पाटील के सूत्र पाहुड पर व्याख्यान व आध्यात्मिक सत्पुरुष गुरुदेवश्री कानजी स्वामी के सीडी प्रवचन हुए। इसी दिन दोपहर में पण्डित अखिल शास्त्री, जयपुर ने अपने प्रवचनों में स्वाध्याय के महत्व पर चर्चा की। इसके बाद 'आचार्य कुंदकुंद की दृष्टि में सम्यकदर्शन' विषय पर संगोष्ठी आयोजित हुई। अध्यक्षता बाल ब्रह्मचारी अभिनंदन कुमार शास्त्री ने की। इस अवसर पर संगोष्ठी में विशेषज्ञ विद्वान डॉ. अंकुर शास्त्री, भोपाल रहे। संगोष्ठी के वक्ताओं में 'दंसण मूलो धम्मो पर पण्डित स्वानुभव शास्त्री, खनियाँधाना' दर्शनभष्टता का दुष्परिणाम' पर पण्डित अनेकान्त भारिल्ल शास्त्री, जयपुर 'अवंदनीय की वंदना का फल' पर पण्डित संयम शास्त्री, नागपुर ने 'जिनशासन में वंदनीय कौन और क्यों' पर पण्डित सर्वज्ञ भारिल्ल शास्त्री, जयपुर अपने विचार व्यक्त किए। संगोष्ठी का संचालन पंडित अखिल शास्त्री व आभार प्रदर्शन पंडित जिनकुमार शास्त्री ने किया।

सड़कों का लोकार्पण

जयपुर। मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ ने वार्ड 135 किसान मार्ग में पीडब्ल्यूडी के द्वारा निर्मित तीन सीसी सड़कों का रिबिन काटकर लोकार्पण किया। स्थानीय पार्षद राजेश कुमावत ने बताया की अर्जुन नगर अंडरपास रेलवे लाइन के पास वाली,प्रेम पथ बरकत नगर एवं रामेश्वर मंदिर के पास वाली सड़क क्षतिग्रस्त थी।

सजा खाटू का दरबार, भजनामृत सत्संग में झूमे श्रद्धालु

जयपुर। श्री श्याम सेवक कल्याण संघ के तत्वावधान में सेठी कॉलोनी प्लॉट नंबर बी-72 में परम श्रद्धेय संत शिरोमणि मैया आनंदी देवी सारडा के सानिध्य में भजनामृत सत्संग का आयोजन किया। इस मौके पर जहां खाटू नरेश के दरबार के दर्शन कर श्रद्धालु निहाल हो उठे,वहीं शहर के ख्याति प्राप्त कलाकारों ने फागुन आयो रे...चलो श्याम के द्वार...जैसी रचनाएं सुनाकर वातावरण को भक्ति और उल्लास से सराबोर कर दिया।

कार्यक्रम के आयोजक चन्द्र प्रकाश भाड़ेवाला, नितेश अग्रवाल व अविनाश अग्रवाल ने बताया कि शुभारंभ संत-महंतों की मौजूदगी में दरबार की आरती कर किया गया। इसके बाद शहर के ख्याति प्राप्त कलाकार आशीष अग्रवाल, शालीन खंडेलवाल, श्याम बजाज, श्याम सुलेखा व आदित्य छीपा सहित अन्य कलाकारों ने फागुन आयो रे...चलो श्याम के द्वार...भर दे श्याम झोली... दीवाने मुझे ले चल खाटू धाम.., दीवाने मुझे ले चल खाटू धाम...,श्याम बड़े ज्ञानी श्याम बड़े दानी..., आज बिरज में होली रे रसिया... चलो जी खाटू धाम बाबा श्याम बुलाये..फाग खेलन बरसाने आये हैं, नटवर नंद किशोर...छोरा नन्द जी का फागुन में फाग खिला जा रे...घनश्याम बुलावे राधा तू बेगी आजा फाग में...जैसी फाग चंग व धमाल पर सुनाकर उपस्थित श्रद्धालुओं को झूमने के लिए मजबूर कर दिया।

उन्होंने बताया कि इस दौरान बाबा का नयनाभिराम श्रंगार भक्तों के बीच आकर्षण का केन्द्र रहा। इस मौके पर बाबा की अखंड ज्योंति जलाई गई व पुष्प वर्षा भी की गई। उन्होने आगे बताया कि इस मौके पर परम श्रद्धेय मोहन दास जी महाराज खाटूधाम वाले ,श्री काले हनुमान जी मंदिर के महंत गोपाल दास जी महाराज,सरस निकुज के अलबेली माधुरी शरण जी, विधायक बालमुकंदाचार्य,घाट के बालाजी के सुरेष जी महाराज,सांगानेर के कमलेष जी महाराज,महामंडलेष्वर मनोहर चतुर्वेदी,इन्द्र मणि जी महाराज व हरिषंकर जी वेदांती सहित अन्य मंदिरों के संत महंतों ने आकर आषीर्वाद दिया।

गोविन्द देवजी मंदिर में महाशिवरात्रि पर होगा शिवोहम् कार्यक्रम

जयपुर। आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर में 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर पुण्य का त्रिवेणी संगम होगा। त्रिवेणी संगम की तीन धाराएं हैं : ठाकुर जी के दर्शन, भोलेनाथ का अभिषेक और शिव गायत्री महायज्ञ में आहुतियां अर्पित करने का सुअवसर। मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में पहली बार शिवोहम् कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। राधा गोविंद भगवान के आशीर्वाद से हो रहे कार्यक्रम में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार सहित अनेक संस्थाएं और संगठन सहयोगी के रूप में सेवाएं देंगे।

शनिवार को गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी में गायत्री परिवार के पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में मातृ शक्ति ने आयोजन के पोस्टर का विमोचन किया। आयोजन में शैव और वैष्णव परम्परा से समिश्रित रूप के दर्शन होंगे। इस मौके पर पार्थिव शिवलिंगों की प्राण प्रतिष्ठा कर रूद्राभिषेक किया जाएगा। श्रद्धालु अपने हाथों से अभिषेक कर सकेंगे। पंचामृत के अलावा प्रयागराज के त्रिवेणी संगम के जल से भी अभिषेक करने का अवसर प्राप्त होगा। खास बात यह है कि तीनों कार्यक्रम निशुल्क है। किसी का कोई पंजीयन नहीं किया जा रहा। पहले आओ पहले पाओ के आधार पर अभिषेक का अवसर प्राप्त होगा। श्रद्धालुओं को न शिवाभिषेक के लिए जल और पूजन सामग्री लाने की आवश्यक्ता है और न ही शिव गायत्री महायज्ञ में आहुतियां अर्पित करने के लिए हवन सामग्री या घी लाने की जरूरत है। ऐसे में छोटीकाशी के भक्तों को पहली बार आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर में ऐसा अवसर प्राप्त होने जा रहा है।

- **पार्थिव शिवलिंगों के अभिषेक के साथ होगा नौ कुंडीय शिव गायत्री महायज्ञ**

आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर में 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर होने वाले त्रिवेणी संगम के पोस्टर का विमोचन किया गया।

महाशिवरात्रि को सुबह सवा सात बजे पार्थिव शिवलिंगों की वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इसके बाद सुबह आठ से ग्यारह बजे तक श्रद्धालु कतार में लगकर पार्थिव शिवलिंगों का ऊं नम: शिवाय के साथ अभिषेक कर सकेंगे। दूध, पंचामृत, प्रयागराज का त्रिवेणी संगम का जल श्रद्धालुओं को उपलब्ध कराया जाएगा। इसी बीच ठीक नौ बजे नौ कुंडीय शिव गायत्री महायज्ञ प्रारंभ होगा। युग तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार की पांच सदस्यीय टोली महायज्ञ संपन्न कराएंगी। भगवान भोलेनाथ की कृपा के लिए शिव गायत्री महामंत्र से विशेष आहुतियां प्रदान की जाएंगी। यज्ञ भी निशुल्क है। इसमें कोई भी शामिल हो सकता है। सभी को आहुतियां अर्पित करने का अवसर प्राप्त होगा। हवन की पहली पारी में बैठने वालों का गोविंद देवजी मंदिर की ओर से सम्मान किया जाएगा और प्रसाद दिया जाएगा।

बीएसएनएल की केबल चोरी करने वाला पकड़ा

जयपुर। लाल कोठी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बीएसएनएल की भूमिगत केबल चोरी करने वाले एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। साथ ही उसके पास से चुराया गया केबल बरामद किया गया है।

फिलहाल आप से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (पूर्व) तेजस्वनी गौतम ने बताया कि लाल कोठी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बीएसएनएल की भूमिगत केबल चोरी करने वाले एक शातिर चोर प्रदीप बर्मन निवासी गोसामीनाडी थानादीन हाडा जिला कुचबिहार पश्चिम बंगाल हाल सुभाष मार्ग सी स्कीम अशोक नगर जयपुर को गिरफ्तार कया है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

भूमि आवंटन की प्रक्रिया को जल्द पूर्ण किया जाये : श्रेया गुहा

जयपुर। जयपुर जिले की प्रभारी सचिव श्रेया गुहा ने शनिवार को जिला कलक्ट्रेट सभागार में जिला अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को बजट घोषणाओं का प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि बजट घोषणाओं के लिए आवश्यक भूमि आवंटन की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण किया जाए साथ ही जिन घोषणाओं के लिए भूमि की आवश्यकता नहीं है उनके त्वरित क्रियान्वयन के लिए विभागीय अधिकारी हर संभव प्रयास सुनिश्चित करें। बैठक में जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी, नगर निगम जयपुर हैरिटेज श्री अरुण कुमार हसिजा, जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रतिभा वर्मा, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त डॉ. राजेश्वर सिंह, अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रथम) विनीता सिंह सहित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों ने शिरकत की।